अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 27.04.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 03	क्रम सं0(Serial No.) 9

हवाई अड्डे से फर्जी पायलट गिरफ्तार

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पुलिस ने एक फर्जी पायलट को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट की वर्दी पहनकर घूम रहा था। आरोपी की पहचान गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश निवासी संगीत सिंह (24) के रूप में हुई है। उसके पास से एक नकली पहचान पत्र भी मिला है।

आरोपी संगीत।

पुलिस अधिकारी ने बताया की 25 अप्रैल को एक युवक सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट की वर्दी पहनकर मेट्रो स्काई वॉक पर घूम रहा था। शक होने पर सीआईएसएफ कर्मियों ने उसे रोका। पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने बताया कि वह सिंगापुर एयरलाइंस में बतौर पायलट काम करता है। युवक ने उन्हें इन-फ्लाइट संचालन के लिए सिंगापुर एयरलाइंस का आईडी कार्ड दिखाया। पहचान पत्र देखने के बाद सीआईएसएफ कर्मियों को उस पर शक हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। साथ ही पहचान पत्र का सत्यापन किया गया। सत्यापन में पहचान पत्र नकली पाया गया।

जांच में पता चला कि आरोपी ने ऑनलाइन एप बिजनेस कार्ड मेकर का इस्तेमाल कर जाली आईडी बनाई थी। उसने बताया कि वह द्वारका सेक्टर- 9 से पायलट की वर्दी और अन्य सामान खरीदा था। पूछताछ में पता चला कि उसने 2020 में मुंबई से एक साल का कोर्स किया था। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूरो